भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.04.2025

## आरेडिका में मनायी डा. अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक–14.04.2025 को भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर किया गया।

इस अवसर महाप्रबंधक मिश्रा ने संविधान सभा की अंतिम बैठक के दिन बाबा साहब के विचारों एवं नये भारत के निर्माण के लिए उनकी दूरदर्शिता संबंधी विचारों को साझा किया। अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों, महिलाओं एवं सभी समाजों के लोगों तथा विश्व व्यवस्था के लिए किए गये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि अगर हम बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर एक दो कदम भी चलेंगे तो इस देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता है।

आगे इसी क्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, ऑल इण्डिया एससी/एसटी एसोसिएशन के आरेडिका प्रतिनिधि देवनाथ निर्मल एवं ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया।

इसी कड़ी में **भारत में सामाजिक न्याय के वास्तुकार– डा0 अम्बेडकर** विषय पर रेलवे बोर्ड द्वारा निदेशित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को महाप्रबंधक महोदय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सामग्री प्रबंधक के के कन्नौजिया, मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, एनके वर्मा,अनिल कुमार मिश्रा, आरएस बीका, वीके कपूर सहित अन्य अधिकारी, सभी आरेडिका कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

15.4.2025

**(आर. एन. तिवारी )**
**मुख्य जन संपर्क अधिकारी**